**नगर निगम, शाहजहाँपुर।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक 01.06.2020**

**नगर निगम से सम्बन्धित प्रत्येक समस्या के समाधान हेतु कृपया कन्ट्रोल रूम फोन नम्बर–05842–225437 अथवा मोबाइल नं0– 7355338008 पर सम्पर्क करे,**

- **नगर आयुक्त महादेय द्वारा गंगा दशहरा के अवसर पर किया गया, गौ–सेवा।**
- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर क्षेत्र में युद्ध स्तर पर चल रहा हैं नालो एवं डीप ड्रेन की सफाई का कार्य ।**
- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत रोस्टर के अनुसार सैनेटाईजेशन एवं फागिंग का कार्य कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त कोविड–19 कोरोना वायरस के संक्रमण के बचाव के लिये नगर निगम द्वारा शहर प्रतिदिन साफ–सफाई, सेनेटाईजेंशन तथा फागिंग का कार्य कराया जा रहा है।**
- **नगर निगम की सेवायें या अन्य किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के लिये 24 घन्टे कन्ट्रोल रूम के फोन नं0 05842–225437 तथा 7355338008 पर करें फोन।**

1– नगर आयुक्त महोदय ने नगर निगम,शाहजहाँपुर द्वारा संचालित पुवायां रोड स्थित सिंचाई विभाग के निरीक्षण भवन के प्रांगण में संचालित नंदीशाला का निरीक्षण किया। नंदीशाला के प्रभारी श्री वी0एन0द्विवेदी महाप्रबन्धक (जल) द्वारा अपनी देख–रेख में गंगा दशहरा के अवसर पर नंदीशाला के अतिरिक्त सफाई करायी गयी थी। नगर आयुक्त महोदय एवं महाप्रबन्धक (जल) द्वारा नन्दियों को फल एवं मिठाई खिलायी गयी। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नंदीशाला परिसर की सम्पूर्ण सफाई, छिड़काव एवं सेनेटाइजेशन सुनिश्चित करने हेतु श्री वी0एन0द्विवेदी महाप्रबन्धक(जल) को निर्देशित किया गया। बीमार नंदी को समुचित एवं समय इलाज कराने का भी निर्देश दिया गया। पर्याप्त मात्रा में दवा एवं खादय सामग्री को संरक्षित करने हेतु एवं हरे चारे की पर्याप्त आपूर्ति कराने निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नंदीशाला में कार्य कर रहे कर्मचारियों को जिम्मेदारी से गौ–सेवा करने के साथ–साथ नियमित रूप से अपने हाथ धोते रहने एवं अपने प्रति भी सफाई रखने की सलाह दी गयी।

2– नगर आयुक्त महोदय निर्देशानुसार कोविड–19 के दृष्टिगत एवं बरसात से पूर्व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नालो की सफाई कार्य युद्धस्तर पर प्रतिदिन कराया जा रहा है। आज सफाई जोन–1 डिपो रोड पर बने नाले तथा अशफाक नगर चौकी से सुजात खॉ ठेकी पुलिया तक एवं शब्बन की ठेकी से ढ़ाका तालाब तक बने नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक श्री पवन कुमार, सफाई जोन–02 में इमली चौराहे पर होली मगंली खजंडा के पास एवं सुभाषनगर तिराहे के पास तथा जेल रोड पर फायर बिग्रेड के पास से रेलवे लाइन तक बने नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित एवं सफाई नायक श्री राजकुमार तथा सफाई जोन–3 बेरी चौकी के पास बने नाले की सफाई एवं बंकाघाट से हनुमतधाम मन्दिर के पास बने डीप ड्रेन नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक श्री राजमंगल की देख रेख में कराया गया। सफाई जोन–4 में नवादा इन्देपुर में एवं मो0 वाकरजई एवं अजीजगजं स्थित स्वर्गधाम के सामनें बने नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सागर एवं सफाई नायक श्री रामबाबू की देख रेख में तथा सफाई जोन–5 के मो0 रोशनगंज में मनीष पत्रकार के घर के पास बने नाले की सफाई का कार्य कराया गया तथा सफाई जोन–रेलवे रंनिग गार्ड रूम के पीछे, मनोरंजन सदर के पीछे बने सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक श्री सुनील कुमार शाक्य की देख रेख में कराया गया। इसके अतिरिक्त नगर के विभिन्न क्षेत्रों में (डीप ड्रेन) छोटे नालो की सफाई भी कराई जा रही है। नगर आयुक्त महोदय ने कोरोना कोविड–19 के चलते सभी नालों एवं छोटे नालो की सफाई का कार्य यथाशीघ्र कराया जाये। नगर आयुक्त महोदय ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं सफाई निरीक्षको को निर्देशित किया कि नालो की सफाई तलीझाड़ होना चाहिये और जो नाले से मलबा निकले उसे उठवा कर उसका तत्काल निस्तारण भी कराया जा रहा है। जिससे आमजन को आवागमन में कठिनाई न उत्पन्न हो।

3– नगर आयुक्त महोदय के **निर्देशानुसार** आज दिनांक **01.06.2020 को सेनेटाइजेशन का कार्य**–अजीजगंज रैन बसेरा, जिला अस्पताल के पीछे आवास कॉलेनी, ख्वाजा फिरोज, रेयान स्कूल, पुलिस लाइन, नवोदय विधालय, कचहरी, जज साहब का बंगला, दुर्घटना न्यायालय, किशोर न्यायालय, मोटर वाहन, खिरनीबाग सराय, करबला, खिरनीबाग, हुण्डाल खेल मोम्मदजई, हनुमतधाम मन्दिर, पंचवटी रोड, आश्रम वाला रोड एवं **फागिंग का कार्य**–रेआन स्कूल, पुत्तूलाल चौराहे से सराय कांइया तक, सराय कांइया से गर्रा पुल तक, गर्रा पुल से पुत्तूलाल चौराहे तक, बी0एस0 पब्लिक स्कूल, पालिटेक्निक कॉलेज,रैन बसेरा, मुमुक्ष आश्रम, सदर बाजार, आफीसर्स कॉलोनी में कराया गया।

**कल दिनांक 02.06.2020 रोस्टर** दिलाजाक, रामनगर, आर्यनगर, पुलिस लाईन, सदर बाजार, मोहनगंज, बाडूजई द्वितीय, रूफस चरन लेन, गोविन्दगंज, झण्डा कलां, ताजूखेल, काजीखेल, मुल्लाखेल, कटियाटोला, बाडूजई प्रथम, तारीन टिकली, तारीन, चौक आला खॉ, अन्टा,बीबीजई चौराहा, तिलहरजई, आनन्दपुरम, हयातपुरा, किला,महमानशाह, मघईटोला, अब्दुल्लागंज, बाला तिराही, सरायकाईयॉ, गढ़ी गाड़ीपुरा, अहमदपुर नियाजपुर, आई0टी0आई0 कालोनी मण्डी समिति आदि मोहल्ले मे कराया जायेगा।

4–नगर निगम द्वारा कन्ट्रोल रूम टेलीफोन नं0 5842–225437 तथा 7355338008 पर नगरवासियों द्वारा अपनी समस्यायें दर्ज कराई जा रही है। जिनका तत्काल निस्तारण कराया जा रहा है। अब तक कुल 814 व्यक्तियों द्वारा कन्ट्रोल रूम के माध्यम से अपनी समस्यायें दर्ज कराई गई है। जिसमें 762 शिकायतो का निस्तारण हो गया। शेष 52 की कार्यवाही की जा रही है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा प्रतिदिन शिकायतों की समीक्षा, अनुवश्रण तथा नगरवासियो से फीडवैक भी प्राप्त किया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगरवासियों से अपील की गई कि घर के अंदर सुरक्षित रहते हुये नगर निगम से सम्बन्धित किसी भी समस्या के समाधान के लिये इस सुविधा लाभ उठायें।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर।
01/6/2020

Generated by CamScanner